Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**Series SSR**

Code No. **58/1**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 8 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 32 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 32 प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र

*Time allowed : 3 hours*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे*

*Maximum Marks : 100*
*अधिकतम अंक : 100*

***General Instructions :***

(i) *All questions in both the sections are compulsory.*

(ii) *Marks for questions are indicated against each.*

(iii) *Questions No. **1 – 5** and **17 – 21** are very short-answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one sentence** each.*

(iv) *Questions No. **6 – 10** and **22 – 26** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should normally not exceed **60** words each.*

(v) *Questions No. **11 – 13** and **27 – 29** are also short-answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should normally not exceed **70** words each.*

(vi) *Questions No. **14 – 16** and **30 – 32** are long-answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should normally not exceed **100** words each.*

(vii) *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) *दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1 – 5** तथा **17 – 21** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका उत्तर केवल **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।*

(iv) *प्रश्न संख्या **6 – 10** और **22 – 26** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(v) प्रश्न संख्या 11 – 13 और 27 – 29 भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 70 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या 14 – 16 और 30 – 32 व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 6 अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vii) उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।

## SECTION A

## खण्ड अ

1. Define 'Marginal Rate of Transformation'. 1

'रूपांतरण की सीमांत दर' की परिभाषा दीजिए ।

2. What is a demand schedule ? 1

माँग अनुसूची क्या है ?

3. Define 'production function'. 1

'उत्पादन फलन' की परिभाषा दीजिए ।

4. What is 'market supply' ? 1

'बाजार पूर्ति' से क्या अभिप्राय है ?

5. Define 'equilibrium price'. 1

'संतुलन कीमत' की परिभाषा दीजिए ।

6. Explain the central problem of 'choice of technique'. 3

केन्द्रीय समस्या 'तकनीक का चुनाव' समझाइए ।

7. Price elasticity of demand of a good is (–)1. At a given price the consumer buys 60 units of the good. How many units will the consumer buy if the price falls by 10 percent ? 3

एक वस्तु की माँग की कीमत लोच (–)1 है । एक दी गई कीमत पर उपभोक्ता वस्तु की 60 इकाइयाँ खरीदता है । यदि कीमत 10 प्रतिशत गिर जाए तो उपभोक्ता वस्तु की कितनी मात्रा खरीदेगा ?

8. Given the market price of a good, how does a consumer decide as to how many units of that good to buy ? Explain. 3

एक वस्तु की दी गई बाज़ार कीमत पर एक उपभोक्ता यह कैसे निर्णय लेता है कि वह उसकी कितनी मात्रा खरीदे ? समझाइए ।

9. What is the likely effect on the supply of a good if the prices of the inputs used in production of that good fall ? Explain. 3

यदि एक वस्तु के उत्पादन में प्रयोग में आने वाली आगतों की कीमतें गिर जाएँ, तो उस वस्तु की पूर्ति पर संभावित प्रभाव क्या होगा ? समझाइए ।

10. Explain what happens to the profits in the long run if the firms are free to enter the industry. 3

**OR**

Explain what happens to losses in the long run if the firms are free to leave the industry.

यदि फर्मों को उद्योग में प्रवेश करने की स्वतंत्रता हो तो दीर्घकाल में लाभ पर क्या प्रभाव पड़ता है, समझाइए ।

**अथवा**

यदि फर्मों को उद्योग से बाहर जाने की स्वतंत्रता हो तो दीर्घकाल में हानि पर क्या प्रभाव पड़ता है, समझाइए ।

11. Explain producer's equilibrium using a schedule. Use total cost and total revenue approach. 4

**OR**

Distinguish between (i) fixed cost and variable cost giving examples and (ii) average cost and marginal cost giving an example.

एक अनुसूची की सहायता से उत्पादक का संतुलन समझाइए । कुल लागत और कुल संप्राप्ति दृष्टिकोण प्रयोग कीजिए ।

**अथवा**

(i) उदाहरण देते हुए स्थिर लागत और परिवर्तनीय लागत के बीच तथा (ii) एक उदाहरण की सहायता से औसत लागत और सीमांत लागत के बीच अंतर बताइए ।

12. Draw supply curves with price elasticity of supply throughout equal to (i) zero, (ii) one, (iii) infinity and (iv) less than one. 4

ऐसे पूर्ति वक्र खीचिए जिनके प्रत्येक बिन्दु पर पूर्ति की कीमत लोच (i) शून्य, (ii) एक, (iii) अनन्त (infinity) व (iv) एक से कम हो ।

**For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 12**

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर**

Distinguish between (i) elastic and inelastic supply and (ii) perfectly elastic and perfectly inelastic supply. 4

(i) लोचदार और बेलोचदार पूर्ति के बीच तथा (ii) पूर्णतया लोचदार और पूर्णतया बेलोचदार पूर्ति के बीच अंतर बताइए ।

13. Complete the following table : 4

| Price (Rs.) | Output (Units) | Total Revenue (Rs.) | Marginal Revenue (Rs.) |
|---|---|---|---|
| – | 1 | 6 | – |
| 4 | – | – | 2 |
| – | 3 | 6 | – |
| 1 | – | – | (–) 2 |

निम्नलिखित तालिका पूरी कीजिए :

| कीमत (रु.) | उत्पादन (इकाई) | कुल संप्राप्ति (रु.) | सीमांत संप्राप्ति (रु.) |
|---|---|---|---|
| – | 1 | 6 | – |
| 4 | – | – | 2 |
| – | 3 | 6 | – |
| 1 | – | – | (–) 2 |

14. Explain the effect of the following on demand for a good : 6

(i) Rise in income

(ii) Rise in prices of related goods

निम्नलिखित के एक वस्तु की माँग पर पड़ने वाले प्रभाव समझाइए :

(i) आय में वृद्धि

(ii) सम्बन्धित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि

15. Explain, with the help of numerical examples, the effect on total output of a good when all the inputs used in production of that good are increased simultaneously and in the same proportion. 6

यदि एक वस्तु के उत्पादन में प्रयुक्त सभी आगतों में एक साथ और एक ही अनुपात में वृद्धि की जाए तो उस वस्तु के कुल उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभाव, संख्यात्मक उदाहरणों की सहायता से समझाइए ।

16. Given market equilibrium of a good, what are the effects of simultaneous increase in both demand and supply of that good on its equilibrium price and quantity ? 6

**OR**

Explain the implications of the following :

(i) The feature 'differentiated products' under monopolistic competition.

(ii) The feature 'large number of sellers' under perfect competition.

एक वस्तु का बाजार संतुलन की स्थिति में है । उस वस्तु की माँग और पूर्ति दोनों में एक साथ वृद्धि होने के उसकी संतुलन कीमत और मात्रा पर क्या प्रभाव होंगे ?

अथवा

निम्नलिखित के प्रभाव समझाइए :

(i) एकाधिकारिक प्रतियोगिता के अंतर्गत 'उत्पाद विभेद' विशेषता ।

(ii) पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत 'बड़ी संख्या में विक्रेता' विशेषता ।

## SECTION B
## खण्ड ब

**17.** Define 'aggregate supply'. 1
'समग्र पूर्ति' की परिभाषा दीजिए ।

**18.** Give meaning of deficient demand. 1
अभावी माँग का अर्थ बताइए ।

**19.** What is a commercial bank ? 1
वाणिज्य बैंक क्या होता है ?

**20.** Define government budget. 1
सरकारी बजट की परिभाषा दीजिए ।

**21.** What is fixed exchange rate system ? 1
नियत (स्थिर) विनिमय दर प्रणाली से क्या अभिप्राय है ?

**22.** Calculate Net Value Added at factor cost from the following data : 3

| | | *(Rs. lakhs)* |
|---|---|---|
| (i) | Depreciation | 20 |
| (ii) | Intermediate cost | 90 |
| (iii) | Subsidy | 5 |
| (iv) | Sales | 140 |
| (v) | Exports | 7 |
| (vi) | Change in stock | (–) 10 |
| (vii) | Imports of raw materials | 3 |

निम्नलिखित आँकड़ों से कारक लागत पर निवल वर्धित मूल्य का परिकलन कीजिए :

| | | (लाख रु.) |
|---|---|---|
| (i) | मूल्यह्रास | 20 |
| (ii) | मध्यवर्ती लागत | 90 |
| (iii) | आर्थिक सहायता | 5 |
| (iv) | बिक्री | 140 |
| (v) | निर्यात | 7 |
| (vi) | स्टॉक में परिवर्तन | (–) 10 |
| (vii) | कच्चे माल का आयात | 3 |

23. When exchange rate of foreign currency falls, its demand rises. Explain, how. 3

जब विदेशी मुद्रा की विनिमय दर गिरती है, तो उसकी माँग बढ़ती है । समझाइए, कैसे ।

24. Distinguish between balance of trade and balance on current account. 3

व्यापार शेष और चालू खाता शेष में भेद कीजिए ।

25. Explain the 'medium of exchange' function of money. 3

**OR**

Explain the evolution of money.

मुद्रा के 'विनिमय का माध्यम' कार्य की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

मुद्रा के विकास की व्याख्या कीजिए ।

26. Give meaning of capital expenditure and revenue expenditure in a government budget and an example of each. 3

प्रत्येक का एक उदाहरण देते हुए सरकारी बजट में पूँजी व्यय और राजस्व व्यय के अर्थ बताइए ।

27. In an economy an increase in investment leads to increase in national income which is three times more than the increase in investment. Calculate marginal propensity to consume. 4

एक अर्थव्यवस्था में निवेश में वृद्धि से राष्ट्रीय आय में वृद्धि निवेश में वृद्धि से तीन गुना अधिक होती है । सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का परिकलन कीजिए ।

28. Explain the lending function of commercial banks. 4

**OR**

Explain 'banker to the government' function of central bank.

वाणिज्य बैंकों का ऋण देने का कार्य समझाइए ।

**अथवा**

केन्द्रीय बैंक का 'सरकार का बैंकर' कार्य समझाइए ।

29. What is revenue deficit ? What are its implications ?

राजस्व घाटा क्या होता है ? इसके क्या प्रभाव हैं ? 4

30. Calculate 'National Income' and 'Private Income' from the following data : 3, 3

| | | (Rs. crores) |
|---|---|---|
| (i) | Net current transfers to the rest of the world | 10 |
| (ii) | Private final consumption expenditure | 600 |
| (iii) | National debt interest | 15 |
| (iv) | Net exports | (–) 20 |
| (v) | Current transfers from government | 5 |
| (vi) | Net domestic product at factor cost accruing to government | 25 |
| (vii) | Government final consumption expenditure | 100 |
| (viii) | Net indirect tax | 30 |
| (ix) | Net domestic capital formation | 70 |
| (x) | Net factor income from abroad | 10 |

निम्नलिखित आँकड़ों से 'राष्ट्रीय आय' और 'निजी आय' का परिकलन कीजिए :

| | | (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| (i) | शेष विश्व को निवल पूँजीतर (चालू) हस्तांतरण | 10 |
| (ii) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 600 |
| (iii) | राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 15 |
| (iv) | निवल निर्यात | (–) 20 |
| (v) | सरकार से पूँजीतर (चालू) हस्तांतरण | 5 |
| (vi) | सरकार को प्राप्त कारक लागत पर निवल देशीय उत्पाद | 25 |
| (vii) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 100 |
| (viii) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 30 |
| (ix) | निवल देशीय पूँजी निर्माण | 70 |
| (x) | विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय | 10 |

31. Explain 'consumption function' with the help of a schedule and diagram. 6

**OR**

Explain 'saving function' with the help of a schedule and diagram.

एक अनुसूची और रेखाचित्र की सहायता से 'उपभोग फलन' समझाइए ।

**अथवा**

एक अनुसूची और रेखाचित्र की सहायता से 'बचत फलन' समझाइए ।

**For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 31**

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 31 के स्थान पर**

Explain 'consumption function' with the help of a schedule. Also record marginal propensity to consume in the schedule. 6

**OR**

Explain 'saving function' with the help of a schedule. Also record marginal propensity to save in the schedule.

एक अनुसूची की सहायता से 'उपभोग फलन' समझाइए । अनुसूची में सीमांत उपभोग प्रवृत्ति भी दर्ज कीजिए ।

**अथवा**

एक अनुसूची की सहायता से 'बचत फलन' समझाइए । अनुसूची में सीमांत बचत प्रवृत्ति भी दर्ज कीजिए ।

**32.** Giving reasons, explain how the following are treated in estimating national income : 2, 2, 2

(i) Wheat grown by a farmer but used entirely for family's consumption.

(ii) Earnings of the shareholders from the sale of shares.

(iii) Expenditure by government on providing free education.

कारण बताते हुए समझाइए कि राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाते समय निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार किया जाता है :

(i) अपने ही उगाए गए अनाज को किसान द्वारा अपने ही परिवार के उपभोग में प्रयोग में लाना ।

(ii) शेयर बेचने से शेयरधारियों को होने वाली आय ।

(iii) मुफ़्त शिक्षा पर सरकार द्वारा किया गया व्यय ।